**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–25 जुलाई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- भारत और ब्रिटेन ने ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर किए हस्ताक्षर, दोनों देशों के बीच डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन पर भी बनी सहमति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–इन समझौतों से बढ़ेगा निवेश और बनेंगे रोजगार के नये अवसर।
- इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सीतापुर में प्राइमरी स्कूलों के विलय पर लगाई रोक, इक्कीस अगस्त को अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनाये रखने का दिया आदेश।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में छब्बीसवीं वाहिनी पीएसी के जवानों के लिये बैरक टॉवर का किया लोकार्पण, नव नियुक्त प्रशिक्षुओं से पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रशिक्षण पूरा करने का किया आह्वान।
- वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में हरियाली तीज पर चार घंटे अतिरिक्त खुलेगा मंदिर, प्रबन्धन ने जारी की विस्तृत एडवाइजरी।

**********

भारत और ब्रिटेन ने कल ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। ब्रिटेन के चेकर्स में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ हुई वार्ता के बाद कहा कि कल का दिन दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के लिए ऐतिहासिक रहा। उन्होंने कहा कि कई वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद यह समझौता संपन्न हुआ है।

**इस समझौते के साथ ही डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन पर भी सहमति बनी है। इसे दोनों के सर्विस सेक्टर विशेष कर टेक्नोलॉजी और फाइनेंस के, उसको एक नई ऊर्जा मिलेगी। इज ऑफ डूइंग बिजनेस को गति मिलेगी, कास्ट ऑफ डूइंग बिजनेस घटेगा और कॉन्फिडेंस ऑफ डूइंग बिजनेस बढ़ेगा। साथ ही यूके की अर्थव्यवस्था को भारतीय स्किल टैलेंट मिलेगा। इन समझौतों से दोनों देशों में निवेश बढेगा और रोजगार के नए अवसर बनेंगे।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समझौता साझा समृद्धि के नये मार्ग प्रशस्त करेगा।

भारत और ब्रिटेन में हुए ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते से भदोही के कालीन निर्यातकों में भी खुशी का माहौल है। उन्हें उम्मीद है कि इस पहल से भारतीय वस्त्रों और कालीन के अंतरराष्ट्रीय व्यापार में एक नए अध्याय की शुरूआत होगी। भदोही के कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के चेयरमैन कुलदीप वाटल ने कहा कि इस पहल से हस्तनिर्मित कालीन क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। यह भारत के हस्तनिर्मित कालीन और वस्त्र क्षेत्र के लिए बाजार में पहुँच और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ाएगा। यह समझौता भारतीय बुनकरों और निर्यातकों के लिए नए द्वार खोलेगा और उन्हें ब्रिटेन के बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

**********

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में प्राथमिक विद्यालयों के विलय पर अगली सुनवाइ की तारीख इक्कीस अगस्त तक रोक लगा दी है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यह रोक केवल सीतापुर पर लागू है, अन्य जिलों पर नहीं, जहाँ विलय लागू किया जा रहा है। इससे पहले, अदालत की एकल पीठ ने बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के विलय के सरकारी कदम पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों की विलय प्रक्रिया में उजागर हुई कथित अनियमितताओं के मद्देनजर हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में मुख्य न्यायाधीश अरुण भसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सीतापुर जिले में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है।

**********

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारिता नीति–दो हजार पचीस जारी की। श्री शाह ने कहा कि यह नीति विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

***भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी सरकार ने एक लक्ष्य रखा है कि 2027 में हम विश्व के तीसरे नंबर के अर्थतंत्र बनकर उभर आएंगे और मुझे विश्वास है हम चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं, तीसरे नंबर पर जरूर पहुंच जाएंगे। परंतु इसके साथ–साथ सबका सामूहिकता के साथ विकास हो और सबके विकास के माध्यम से देश का विकास हो, ऐसा मॉडल बनाना यह भारतीय जनता पार्टी का मूल विचार है, भारत का मूल विचार है।***

**********

केन्द्रीय उर्वरक और रसायन मंत्री जेपी नड्डा ने उर्वरक विभाग के सचिव को उत्तर प्रदेश की मांग के अनुरूप यूरिया की आपूर्ति के निर्देश दिये हैं। नई दिल्ली में बुधवार को प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जेपी नड्डा से मुलाकात कर किसानों के लिये यूरिया की निरन्तर आपूर्ति बनाये रखने के लिये विस्तार से चर्चा की थी।

**********

सरकार ने डेटा एंट्री ऑपरेटरों और मल्टी–टास्किंग स्टाफ की नियुक्ति से संबंधित एक भर्ती नोटिस को फर्जी बताया है। लोकसभा सचिवालय ने कहा है कि व्हाट्सएप और फेसबुक पर प्रसारित हो रहे संसद भवन में अनुबंध के आधार पर दो सौ डेटा एंट्री ऑपरेटर और मल्टी–टास्किंग स्टाफ की रिक्तियों का दावा करने वाला संदेश फर्जी है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन कल विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने छब्बीसवीं वाहिनी पीएसी परिसर में ग्यारह मंजिला बैरक टॉवर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त प्रशिक्षुओं से पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रशिक्षण पूरा करने का आह्वान किया।

***पुलिस ने तकनीक को कैसे अपनाना है। इसके बारे में भी आपको ये ट्रेनिंग मिलेगी। फॉरेंसिक साइंस में क्या करना है। साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए क्या करना है? डिजिटल अरेस्ट से बचने के लिए क्या कार्रवाई और क्या सावधानी बरतनी है इसके लिए और मिशन शक्ति के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली महिला सुरक्षा, उनके सम्मान और उनके स्वावलंबन के लिए चलाए जाने वाले कार्यक्रम के साथ महिला बीच पुलिस अधिकारी के रूप में आपके क्या उत्तरदायित्व होंगे। इन सभी उत्तरदायित्वों को एक साथ निर्वहन करने के सभी गुण इस ट्रेनिंग के दौरान आपको सीखने को मिलेंगे।***

इससे पहले मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के असुरन चौराहे पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी जयप्रकाश नारायण ने अपना जीवन भारत और जीवन मूल्यों के लिए लगाया था। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में ही कल गोरखपुर और बस्ती मंडल के जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एनेक्सी भवन में समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने सडक निर्माण परियोजनाओं का डिजिटल प्रेजेंटेशन भी देखा। एक रिपोर्ट–

**बैठक के दौरान सड़क कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने सड़क निर्माण परियोजनाओं को तय समय में पूरा करने और गुणवत्ता के साथ कोई भी समझौता न करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपने–अपने क्षेत्र की सड़कों के निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग करते रहने के लिये कहा, ताकि गुणवत्ता प्रभावित न हो। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिये विशेष कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इसके लिये जरूरत पड़ने पर आपदा राहत निधि का इस्तेमाल किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन प्रतिनिधि जनता के बीच रहकर विकास कार्यो की चर्चा करे और उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराये। समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।**

**********

वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में सत्ताई जुलाई को हरियाली तीज का उत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इस दिन मंदिर में ठाकुर जी के दर्शन के लिये समय सारिणी में बदलाव किया गया है। बांके बिहारी मंदिर में हरियाली तीज के दिन सुबह सात बजकर पैंतालीस मिनट से दोपहर दो बजे तक श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। वहीं शाम पांच बजे से लेकर रात ग्यारह बजे तक श्रद्धालुओं के लिये मंदिर खुला रहेगा। इस बीच, मंदिर प्रबंधन ने एडवाइजरी जारी करते हुए श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि इस दिन होने वाली भीड़ को देखते हुए नियमों का पालन करने के साथ–साथ बच्चे, बुजुर्गो और बीमार लोगों को मंदिर लाने से बचे।

**********

अयोध्या में भारत और कोरिया के रिश्तों का मजबूत स्तंभ रानी हो पार्क का निर्माण पूरा हो गया है। कोरिया की महारानी की याद में बनाया गया यह पार्क अयोध्या से कोरिया के गहरे रिश्तों को दर्शाता है। कोरियाई मेहमानों का सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल कल अयोध्या के इस पार्क में पहुंचा। कोरिया दूतावास के डिप्टी एम्बेसडर वनहो शिन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह पार्क भारत और कोरिया के महत्वपूर्ण संबंधों का प्रतीक है। यह पार्क एक ब्रिज है जो कोरिया और भारत के संबंधों को मजबूत कर रहा है। इससे पहले दल के सदस्यों ने अयोध्या में श्री रामलला का दर्शन पूजन भी किया।

**********

पीलीभीत जिले में पिछले कई दिनों से दहशत फैला रही बाघिन को कल वन विभाग की टीम ने टंकुलाइज कर पिंजरे में कैद कर लिया। इस कार्रवाई से करीब 20 गांवों के लोगों ने राहत की सांस ली है। बाघिन के डर से कई गांवों में स्कूल बंद चल रहे थे।

**********